# कार्यालय, प्राचार्य ,राजकीय कन्यामहाविद्यालय,चौमूँ ,(जयपुर)

क्रमांक : रा.क.म.चौ./2021/

दिनांक : 30/04/2024

## वार्षिक प्रतिवेदन 2023-24

राजकीय कन्या महाविद्यालय चौमूँ , जयपुर जिले का एक प्रगतिशील उच्च शिक्षण संस्थान है। वर्ष 1999 में स्थापित यह महाविद्यालय ग्रामीण अंचल की युवा छात्राओं को तेजी से बदलते और विकसित होते हुए देश में सफलता की ऊंचाईयों को छूने के लिये तैयार करने में निरंतर रत है ।यह महाविद्यालय स्नातक स्तर पर मात्र 4 विषय के साथ से आरम्भ हुआ था। सन 2005 में स्नात्तकोत्तर स्तर पर क्रमोन्नत किया गया| इस महाविद्यालय में कला, वाणिज्य व विज्ञान संकाय संचालित है। महाविद्यालय में 2135 छात्राएँ अध्ययन रत है ।वर्तमान मे कला वर्ग में स्नातक स्तर पर आठ विषय हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान,भूगोल,गृह विज्ञान, मनोविज्ञान ,अर्थ शास्त्र व संस्कृत व स्नातकोत्तर स्तर इतिहास,हिंदी और राजनीति विज्ञान पर गणित समूह तथा स्नातकोत्तर स्तर पर रसायन विज्ञान की कक्षायें संचालित की जारही है | वाणिज्य वर्ग मैं स्नातक स्तर तक अध्ययन की सुविधा का लाभ छात्राओँ को मिल रहा है |

सत्र 2023 -24 महाविद्यालय हेतु उपलब्धिपूर्ण रहा | NAAC राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के द्वारा महाविद्यालय द्वारा गत पांच वर्ष की SSR (Self Study Report) व तत्पश्चात् किये गए कार्यों के आधार पर तथा पीयर टीम के द्वारा 19 व 20 मार्च 2024 मे दो दिवसीय गहन निरीक्षण के पश्चात महाविद्यालय को 'बी'ग्रेड प्रदान किया । इस प्रयोजनार्थ महाविद्यालय के प्रत्येक सदस्य ने अथक प्रयास कर सीमित संसाधन में उत्कृष्ट योगदान दिया।

इस सत्र मे महाविद्यालय के भौतिक सुविधाओं में भी वृद्धि हुई है। छात्राओं हेतु कॉमन रूम का जीर्णोद्धार व उसके ऊपर एक नवीन कक्षा कक्ष का निर्माण करवाया गया है | महाविद्यालय भवन दो रसायन शास्त्र प्रयोगशालाओं का निर्माण महाविद्यालय विकास समिति व छात्र निधि कोष से व दो कक्षा कक्ष का निर्माण राज्य सरकार द्वारा अधिकृत कृषि विपणन बोर्ड द्वारा करवाया जा रहा है । महाविद्यालय में 15 के.वी. क्षमता के सोलर पैनल लगवाये गये है , जिससे सौर उर्जा के माध्यम से हमारे विद्युत व्यय मे काफी कमी आ गयी है । छात्राओं के लिये खेल सुविधा हेतु बास्केट बॉल कोर्ट व नयी वाहन पार्किंग का निर्माण भी इसी सत्र मे करवाया गया है।

सत्र 2023 -24 के दौरान अकादमिक क्षेत्र मे छात्राओं की उपलब्धि प्रशंसनीय रही । यह एक गर्व का विषय है कि महाविद्यालय मे परीक्षा परिणाम सदैव उत्कृष्ट रहता है। गत सत्र में महवियालय से स्नातक व स्नातकोत्तर अध्ययन पूर्ण कर जाने वाली छात्राओं का परीक्षा परिणाम 94.4 प्रतिशत रहाहै । महाविद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 86.13% रहा है|

सत्र 2023 -24 मे महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाली छात्राओं का ओरिएंटेशन कर उन्हे उच्च शिक्षा मे NEP2020 के अनुरूप होने वाले परिवर्तनों के विषय मैं जानकारी दी गयी व ABC id बनवायी गयी। NEP 2020 अनुरूप राजस्थान विश्विद्यालय द्वारा निर्देशित पाठ्यक्रम मे परिवर्तन कर महाविद्यालय मे उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप छात्राओं को SEC (Skill Enhancement Course) व VAC (Value Aided Course) में चयन की सुविधा प्रदान की गयी ।

सत्र 2023 -24 में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा प्रतिभाशाली छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतू दी जा रही छात्रवृति के अंतर्गत लाभान्वित छात्राओं की संख्या NSP में समाज कल्याण विभाग द्वारा 180 व मुख्यमन्त्री

छात्रवृति हेतु 343 रही | गत सत्र हेतु देवनारायण स्कूटी योजनान्तर्गत 26 छात्राओं व मेधावी स्कूटी योजनान्तर्गत 28 छात्राओं को स्कूटी वितरित की गयी| एक छात्रा ने TAD छात्रवृति का लाभ लिया |

महाविद्यालय में वर्षपर्यंत छात्राओं को औपचारिक उच्च शिक्षा के साथ साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिये विभिन्न सह शैक्षणिक व शिक्षणेत्तर गतिविधियाँ आयोजित की जाती रही हैं |
इस क्षेत्र की छात्राओं की खेल रूचि के अनुरूप महाविद्यालय में वर्ष पर्यंत विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया| जनवरी माह में महाविद्यालय स्तर परखेल सप्ताह का आयोजन किया गया| |राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय टूर्नामेंट में छात्राओं ने बैडमिन्टन में सिंगल्स व डबल्स ;कुश्ती; कबड्डी ;भारोत्तोलन व एथलेटिक्स प्रतियोगिताओ में बढ़ चढ़ कर भाग लिया| 400 मी . दौड़ मेंपूजा जाट ने रजत पदक ; हैमर थ्रो में अनुश्री चौधरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा भारोत्तोलन में कुशु गुर्जर ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।




छात्राओं ने रजत पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम किया रोशन

इसके अतिरिक्त जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा ,वेट लिफ्टिंग 65 किलो भार वर्ग में महाविद्यालय की छात्रा रितिका शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया;100मीटर दौड में पूजा जाट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया |कुश्ती प्रतियोगिता में गोरी शर्मा 65 किलो भार वर्ग में विजेता रही |

दैनिक भास्कर जयपुर जिला चौमूं 28-02-2024

मजबूत संगठन की महत्ती आवश्यकता है।

जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता • आज कबड्डी के मैच होंगे, नैक की टीम ने भी देखा वेट लिफ्टिंग में खिलाड़ियों का प्रदर्शन

## वेटलिफ्टिंग छात्र वर्ग में कालाडेरा, छात्रा वर्ग में चौमूं व सांभर विजेता

भास्कर न्यूज | कालाडेरा

कस्बे में स्थित सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय में आयोजित हो रही जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में मंगलवार को वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। इससे पूर्व वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का नैक टीम के सदस्यों व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जय भारत सिंह की अध्यक्षता में उद्घाटन हुआ। महाविद्यालय के खेल अधिकारी रामेश्वर लाल मीणा ने बताया कि छात्र वर्ग में सभी भार वर्ग में कालाडेरा महाविद्यालय के खिलाड़ी विजेता रहे। इनमें 67 किलो भार वर्ग में विक्रम शर्मा, 73 किलो भार वर्ग में पुष्कर राज जांगिड़ 81 किलो भार वर्ग में कालूराम जाट 84 किलो भार वर्ग में विकास कुमार मीणा 96 किलो भार वर्ग में मोहित जाट 102 किलो भार वर्ग में मोहित मीणा 109 किलो भार वर्ग में अनोप स्वरूप 109 किलो भार वर्ग में पंकज यादव प्रथम स्थान पर विजेता रहे। मीणा ने बताया कि इसी प्रकार छात्रा वर्ग में कालाडेरा महाविद्यालय की 40 किलो भार वर्ग में काजल कुमावत, 55 किलो भार वर्ग में पायल कुमावत, 81 किलो भार वर्ग में रिंकू कंवर प्रथम स्थान पर विजेता रही। साथ ही 65 किलो भार वर्ग में चौमूं महाविद्यालय की रितिका शर्मा, 70 किलो भार वर्ग में सांभर महाविद्यालय की सीमा चौधरी प्रथम स्थान पर विजेता रही। इस दौरान महाविद्यालय में निरीक्षण के लिए आई नैक टीम के सदस्यों ने भी वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखा। खेल अधिकारी रामेश्वर लाल मीणा ने बताया कि बुधवार को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता के लिए मंगलवार शाम तक चाकसू, राडावास, किशनगढ़ रेनवाल, सांभरलेक, कालाडेरा, बस्सी, जमवारामगढ़ सहित 9 महाविद्यालयों की टीमों का रजिस्ट्रेशन हो चुका था।


कालाडेरा। महाविद्यालय में वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में प्रदर्शन करते खिलाड़ी।

राजीव गांधी विद्यार्थी सेवा केंद्र , नवाचार प्रकोष्ठ, प्लेसमेंट सैल, एवम आई.क्यू.ए.सी.ने छात्राओं को रोजगार अवसर उपलब्ध करवाने के लिये आईसीआईसीआई कम्पनी की प्रशिक्षण सहयोगी कम्पनी NIIT -IFB के साथ महाविद्यालय से उत्तीर्ण व अंतिम वर्ष की छात्राओं हेतु प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की जिसके प्रथम चरण मे 21 छात्राऔं का चयन हुआ।



दैनिक भास्कर जयपुर जिला चौमूं 27-07-2023

## गर्ल्स कॉलेज चौमूं में प्लेसमेंट ड्राइव, स्क्रीनिंग में 21 छात्राएं चयनित हुईं

भास्कर न्यूज | चौमूं ग्रामीण

शहर स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय की फाइनल ईयर एवं पूर्व में उत्तीर्ण छात्राओं हेतु महाविद्यालय के नवाचार प्रकोष्ठ, प्लेसमेंट सेल एवं आइक्यूएसी द्वारा रोजगार उपलब्ध करवाने हेतु बुधवार को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दीपाली जैन ने बताया कि आईसीआईसीआई कंपनी की प्रशिक्षण सहयोगी कंपनी NIIT-IFBI ने महाविद्यालय में आईसीआईसीआई बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर चयन हेतु बुधवार को विद्यार्थियों की आर एम पद के लिए भर्ती हेतु स्क्रीनिंग प्रक्रिया आयोजित की। प्लेसमेंट ड्राइव हेतु छात्राओं में अत्यंत उत्साह देखने को मिला और छात्राओं ने बढ़कर भागीदारी की। नवाचार प्रकोष्ठ के संयोजक प्रो. मीनाक्षी जैन ने बताया कि लगभग 130 छात्राओं ने प्रथम चरण में भाग लिया। इ नमें से 21 छात्राएं स्क्रीनिंग में चयनित हुई हैं।

सुमित मुद्गल ने बताया कि इन छात्राओं की लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार लिए जाएंगे और ट्रेनिंग के पश्चात चयनित अभ्यर्थियों को स्थाई नौकरी के लिए बुलाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रो. उषा परनामी, प्रो. सुरेश कुमार वर्मा व प्रो. हंसा लुनायच ने भरपूर सहयोग प्रदान किया।

नवाचार प्रकोष्ठ, IQAC तथा गृह विज्ञान विभाग के तत्वाधान में छात्राओं में कौशल विकास हेतु विभिन्न कार्यशाला यथा ओर्गेनिक फार्मिंग वर्कशॉप , एप्लीक वर्क , ब्यूटी कल्चर प्रशिक्षण की कार्यशाला 2,फैशन डिज़ाइनिंग व मेकिंग वर्कशॉप व बंधेज लहरिया व शिबोरी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया|

चौमूँ क्षेत्र के महाविद्यालयाँ के नोडल के रूप मेँ Mission 2030 कार्यक्रम का सफल संचालन व इसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित करवायी गयी व छात्राओ ने जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता मे महाविद्यालय का प्रतिधित्व भी किया।



## मिशन 2030 के अंतर्गत महाविद्यालय की दो छात्राओं को मिला पुरस्कार

चौमूं। (आस-पास ब्यूरो) राजकीय कन्या महाविद्यालय में राजस्थान मिशन 2030 के अंतर्गत माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा विजन डॉक्यूमेंट जारी करने का लाइव प्रसारण दिखाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कविता गौतम ने बताया कि इस प्रसारण को समस्त स्टाफ छात्राओं ने बड़े उत्साहपूर्वक देखा इस दौरान प्राचार्य गौतम ने महाविद्यालय स्तर पर राजस्थान मिशन 2030 के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता में प्रथम रही छात्रा कोमल कुमावत व भाषण प्रतियोगिता में प्रथम रही छात्रा अंतिमा चौहान को प्रमाण पत्र व पुरस्कार स्वरूप ₹2000 नगद राशि का वितरण किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना व रोवर रेंजर इकाइयों द्वारा पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण , मतदाता पंजीकरण आदि विषय पर रैली, नुक्कड नाटक, व्याख्यान आदि गतिविधियों के अतिरिक्त चुनावी वर्ष होने के कारण मतदाता जागरूकता अभियान निरंतर चलाया गया। राष्ट्रीय पर्व , मानवाधिकार दिवस , महिला दिवस , शहीद दिवस, जल दिवस आदि को समारोह पूर्वक मनाने के साथ विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित कर छात्राओं की प्रतिभा को निखारने का अवसर दिया।


छात्रों ने निकाली पर्यावरण संरक्षण रैली, कृषि विज्ञान विषय पर हुआ व्याख्यान

खबरों की दुनिया

विज्ञान क्लब के तत्वाधान में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय विज्ञान थीम पर रंगोली बनाकर व निबंध प्रतियोगिता में भाग ले कर दिया ।हिंदी विभाग के तत्त्वाधान में हिन्दी सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रम यथा भाषण, निबंध ,दोहा पाठ,लेखन, कहानी लेखन व नारा लेखन प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयी |

राज्य महिला नीति महाविद्यालय प्रकोष्ठ के तत्वाधान में PCPNDT Act, महिलाओं क कार्य स्थल पर शोषण दहेज़ एक्ट , वाहन बीमा व लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया , बैंक से लोन प्राप्त करने जैसे अत्यंत उपयोगी विषयों पर जानकारे प्रदान की गयी |

इनके अतिरिक्त छात्राओं की साहित्यिक व सांस्कृतिक प्रतिभा को निखारने के लिये आयोजित सप्ताह में वाद विवाद ,भाषण ,काव्य पाठ ,एकल व समूह गान और नृत्य प्रतियोगिताए आयोजित की गयी |

महाविद्यालय मे पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत वृक्षारोपण व लगाये गये पौधोँ की देखभाल कर कैम्पस को हर भरा बनाने हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है। सम्पूर्ण सत्र के दौरान छात्रहित में विभिन्न कार्य कर छात्राओँ को समाज की मुख्य धारा के साथ जोड कर उन्हे एक अच्छा नागरिक बनाने का प्रयास के प्रति हम कृत्संकल्प हैँ।




Principal
प्राचार्य
राजकीय कन्या महाविद्यालय
चौमूँ (जयपुर)